हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 30 मई 2026, समय 13:05 (05 मिनट)

केंद्र सरकार ने पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में बाधा को देखते हुए सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों को 30 दिन का एलपीजी भंडार संरक्षित करने का निर्देश दिया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कल नई दिल्ली में यह जानकारी दी।
संयुक्त सचिव ने कहा कि सरकार रणनीतिक भंडारों के माध्यम से ईंधन सुरक्षा मजबूत करने और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है। किसी भी एलपीजी वितरक केंद्र पर आपूर्ति की कमी की कोई सूचना नहीं है।

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र को बाईपास परियोजना देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का आभार जताया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुरुक्षेत्र के लिए यह बाईपास नहीं बल्कि सड़क मार्ग के रूप में जीवन रेखा है, जिसका कुरुक्षेत्र के नागरिकों को लंबे समय से इंतजार था।

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 27 किलोमीटर 900 मीटर लंबा यह बाइपास कुरुक्षेत्र के दक्षिणी भाग से होकर निकाला जाएगा जो कुरुक्षेत्र पिहोवा मार्ग पर ज्योतिसर के पास इंदबरी से शुरू होकर राज्य मुख्य मार्ग 6, एमडीआर-119, किरमच रोड, अमीन रोड व राष्ट्रीय मुख्यमार्ग -44 को जोड़ता हुआ गांव मथाना पर समाप्त होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना से न केवल पिपली चौक पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा, बल्कि कुरुक्षेत्र शहर को जाम से स्थायी राहत मिलेगी। इस परियोजना के पूरा होने पर दिल्ली-यमुनानगर-हरिद्वार समेत पंजाब व कैथल की ओर यातायात और भी आसान व सुरक्षित हो जाएगा। ब्रहमसरोवर, ज्योतिसर एवं अन्य धार्मिक स्थलों तक पहुंच आसान होने से कुरूक्षेत्र में पर्यटन, व्यापार, निवेश व रोजगार को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह ट्रिपल इंजन सरकार की विकास के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

****

वैशविक तापवृद्धि की समस्या से निपटने व मां को सम्मान देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरू किया

था। इस अभियान के तहत आम लोगों ने बड़ी संख्या में ना केवल अपनी मां के नाम पेड़ लगाए, बल्कि उनका पोषण करने का कार्य भी किया। भिवानी जिला में शिक्षा विभाग के माध्यम से बीते वर्ष 2025-26 में जिला के 1168 प्राईवेट व सरकारी स्कूलों में एक लाख 16 हजार 800 पौधें लगाए गए। इस अभियान से ना केवल स्कूली बच्चें जुड़े, बल्कि आम नागरिकों ने भी बड़ी संख्या में जुड़कर अपने-अपने प्रांगण व सार्वजनिक स्थानों पर पौधें लगाने का कार्य किया। भिवानी निवासी छात्रा आरोही, राष्ट्रपति युवा अवॉर्डी अशोक भारद्वाज, महंत चरणदास, मोहनदत्त ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस अभियान से प्रेरित होकर उन्होंने ना केवल प्रांगण , बल्कि विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर बड़ी संख्या में पौधें लगाए। इससे ना केवल उन्हे अपनी मां का सम्मान करने का अवसर मिला, बल्कि इन पौधों से पर्यावरण का संरक्षण भी हुआ।

2-अशोक भारद्वाज -22 सेकंड

****

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कल यमुनानगर में आयोजित जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में अवैध कॉलोनियों, फर्जी रजिस्ट्रियों, अवैध कब्जों, प्रदूषण, कल बाजारी तथा जनसमस्याओं से जुड़े मामलों पर कड़ा रुख अपनाते हुए अधिकारियों को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान श्री विज ने अवैध कॉलोनियां काटे जाने के मामलों में संलिप्त संबंधित रजिस्ट्रारों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के निर्देश जारी किए। इसके साथ ही जगाधरी के सेक्टर-17 में भूमि के एक टुकड़े की कथित अनियमित रजिस्ट्री के मामले में नगर निगम के सहायक अभियंता दीपक सुखीजा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के आदेश भी दिए।

श्री विज जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में कुल 15 परिवाद रखे गए, जिनमें से 7 मामलों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि अधिकारियों को
शेष 8 मामलों को अगली बैठक तक निर्धारित समयसीमा में निपटाने के निर्देश दिए गए।

****